# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015/20 चैत्र,1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 36**

----

### खनन पर प्रतिबन्ध

***2133 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में बैजनाथ ग्राम पंचायत के खीरगंगा घाट बिनवा खड्ड से रेत, बजरी का खनन जारी है;

(ख) सरकार क्या इस पर प्रतिबन्ध लगाने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

----

### जन शिकायत निवारण शिविर

***2134 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश सरकार ने जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन करने हेतु किस-किस को अधिकृत किया है; ब्यौरा पदनाम सहित दें ?

----

## आंगनबाड़ी भवन

***2135 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में तहसील इन्दौरा में कितने आंगनबाड़ी भवन हैं; और

(ख) कितने भवन निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

----

## ऊहल तृतीय चरण का निर्माण

***2136 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जोगिन्द्रनगर उप-मण्डल में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना ऊहल तृतीय चरण का निर्माण कार्य किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## भूमि खरीद की स्वीकृति

***2137 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चिन्तपुरनी में कितनी धर्मशालाएं हैं; यह क्या ट्रस्ट/निजी सम्पत्तियां हैं; और

(ख) सरकार ने क्या इन धर्मशालाओं के भवनों की भूमि खरीदने के लिए धारा-118 के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान की है ?

----

## लाडा के अन्तर्गत धनराशि

***2138 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला कुल्लू के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की LADA की कितनी-कितनी धनराशि विकास खण्ड और जिला स्तर के शेयर की जमा है; ब्यौरा दें;

(ख) कितनी धनराशि किन-किन विकास योजनाओं पर किस-किस बैठक में आबंटित की जा चुकी है और कितनी शेष है; और

(ग) सरकार ने LADA की इस धनराशि के वितरण के लिए क्या दिशा-निर्देश जारी किए हैं; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## Construction of Parking

***2139 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state:-

(a) whether there is any proposal to construct parking in the area of MC Nurpur; and

(b) if yes, whether any land has been identified for the same ?

----

## किसान जागरूकता शिविर

***2140 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के किस-किस स्थान पर किसान जागरूकता शिविर आयोजित किए गए; और

(ख) इन शिविरों में कौन-कौन मुख्य अतिथि थे; ब्यौरा दें ?

----

## सफाई हेतु समय सारिणी

***2141 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में शिमला शहर की सड़कों पर सफाई करने का समय क्या निर्धारित है;

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या प्रातः 8 बजे से पूर्व सफाई व्यवस्था का प्रावधान करने पर विचार करेगी; और

(ग) सरकार शहर में डोर-टू-डोर गारबेज को एकत्रित करने का प्रावधान भी क्या प्रातः 8 बजे से पूर्व करवाने पर भी विचार करेगी ?

----

## Renewal of Leases

***2060 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that renewal of leases of properties both residential and commercial are frozen in Dalhousie town;

(b) since when the Government has frozen renewal of lease in Dalhousie town; and

(c) keeping in view the problems being faced by local residents will the Government frame a policy or set of rules for Dalhousie town on the issue of renewal of leases ?

----

## रिक्त पद

***2142 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बालकरुपी लोक निर्माण मण्डल में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; और

(ख) इस मण्डल के अन्तर्गत कौन-कौन से उप-मण्डल हैं; इनमें कौन-कौन से पद रिक्त हैं?

----

## मध्य हिमालयन जलागम विकास परियोजना

***2143 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद) :**
**श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2015 तक जिला सिरमौर के अन्तर्गत मध्य हिमालयन परियोजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि के कौन-कौन से विकास कार्य करवाये गए; ब्यौरा पंचायतशः दें; और

(ख) इनमें से कौन-कौन से कार्य ठेकेदारों के माध्यम से करवाए गए और इन कार्यों के लिए की गई निविदाओं की सूचना सभा पटल पर रखें ?

----

## Environment Impact Assessment Clearance

***2144 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state:-

(a) whether the Government is aware of the fact that there is acute shortage of building material like sand, coarse aggregate (grit) in the State;

(b) how many stone crushers are non-functional for want of Environment Impact Assessment (EIA) clearance in the State;

(c) has this shortage led to increase in the unit cost of the fine & coarse aggregate causing the increase in the cost of Government & private civil construction works; and

(d) what steps the Government has taken to expedite the Environment Impact Assessment (EIA) clearance for the existing stone crushing units in Nalagarh Assembly Constituency vis-a-vis in the other parts of the State ?

----

## आश्रितों को रोजगार

***2145 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार शहीद सैनिकों के आश्रितों को करूणामूलक आधार पर नौकरी देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार विकलांग हुए सैनिकों को क्या-क्या सुविधायें दे रही हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***2146 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) धर्मपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जाडला में बरड़ कॉलोनी के निर्माण हेतु कितनी धनराशि व्यय करना प्रस्तावित है; और

(ख) यहां भवन निर्माण का कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा ?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति

***2147 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्ष 2013-14 व 2014-15 में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में डाली गई पेयजल और सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## अपहरण के मामले

***2148 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**
**श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश में अपहरण, हत्याओं, चोरियों, बलात्कार, डकैती व मारपीट की कितनी घटनाएं हुई तथा कितनी विभिन्न जिलों में पंजीकृत की गई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) कितने मामले हल कर लिए गए और कितने दोषियों को पकड़ा गया, अपहरण किए गए कितनों को अपहरणकर्ताओं से बरामद कर लिया है और कितने बरामद नहीं हुए; ब्यौरा दें;

(ग) अपहरणकर्ताओं को क्या गिरफ्तार कर लिया है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान कितने मामलों में चालान अदालतों में पेश किए गए?

----

## पुलिस कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन

***2149 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**
**श्री संजय रतन (ज्वालामुखी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पुलिस अधिनियम पूर्ण रुप से लागू है; यदि हां, तो अधिनियम की धारा-104 व 108 का लाभ पुलिस कर्मचारियों को दिया जा रहा है; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) दिनांक 1.10.2012 में देय वेतन के आधार पर क्या तेरहवें महीने का वेतन (एक मास का अतिरिक्त वेतन) नहीं दिया जा रहा है; यदि हां, तो देय वेतन न देने के क्या कारण हैं; और

(ग) सीधी भर्ती से आए उप-निरीक्षकों को अन्य पुलिस कर्मचारियों की भान्ति मिल रहे अतिरिक्त वेतन को क्या बन्द कर दिया गया है; यदि हां, तो कारण?

----

## नगर पंचायतों का गठन

*2150 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)**:

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला शिमला के अन्तर्गत नगर पंचायतों का गठन सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर किया जाना प्रस्तावित है ?

----

## बस सेवा

*2151 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र को नई (लोकल) बसें उपलब्ध करवा रही है; यदि हां, तो कितनी; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या चम्बा से वाया चारडा चान्जू देहरा बस सेवा लोकहित में शुरू करने और चम्बा बैरागढ़ या चम्बा बिहाली या चम्बा हिमगिरी, सिंदृनी या चम्बा से त्रिया मस्रुंड को चल रही बसों को नियमित रूप से समय पर चलाना सुनिश्चित करेगी ?

----

## दुग्ध सोसायटियों को कम्प्यूटर वितरण

*2152 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी दुग्ध सोसायटीज हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन सोसायटियों से प्रतिदिन कितना लीटर दुग्ध एकत्रित किया जाता है; और

(ग) गत तीन वर्षों में सरकार ने कितनी सोसायटियों को कम्प्यूटर वितरित किये हैं और कितनी सोसायटीज शेष हैं; ब्यौरा दें ?

----

## औद्योगिक इकाइयां

***2153 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितने उद्योग स्थापित हैं; इनमें से कितने चल रहे हैं और कितने बन्द हैं; ब्यौरा उद्योगवार दें ?

----

## सड़कों के लम्बित मामले

***2154 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण मण्डल जोगिन्द्रनगर व पधर में PMGSY तथा NABARD की सड़कों के कितने मामले वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति न मिलने तथा निजी भूमि की अनुउपलब्धता के कारण लम्बित हैं;

(ख) इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा सड़कों का मण्डलवार दें; और

(ग) गत दो वर्षों में विभाग ने PMGSY के अन्तर्गत 250 या इससे कम आबादी वाले गांवों को जोड़ने के लिये कितनी सड़कों की DPRs बनाई है; ब्यौरा मण्डलवार दें ?

----

## पेयजल आपूर्ति हेतु समय सारिणी

***2155 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार क्या जनहित में शिमला शहर में पेयजल आपूर्ति का समय प्रातः 8 बजे से पूर्व व सायं 7 बजे के उपरान्त करने का विचार रखती है ?

----

## Registered Hotels

***2156 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) as on 15th February, 2015 how many registered hotels/guest houses with Tourism Department running in Shimla, Dharamshala, Kasauli, Manali, Kullu, Dalhousie and Palampur;

(b) whether periodic checking of all these registered hotels is carried out; and

(c) if yes, what is the sanctioned strength of staff in the above mentioned towns for this purpose; category-wise details be given ?

----

## शिक्षा खण्ड कार्यालयों में रिक्तियां

***2157** **श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में पंचरुखी एवं लम्बागांव शिक्षा खण्ड कार्यालय में क्या-क्या स्टाफ स्वीकृत हैं; और

(ख) इन कार्यालयों में कौन-कौन से पद रिक्त व भरे हुए हैं; ब्यौरा दें?

----

## सहकारी बैंक की स्थापना

***2158** **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Co-operative Bank की शाखाएं खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां-कहां; सरकार ने क्या इन स्थानों का कोई Survey करवाया है; ब्यौरा दें ?

----

## लाल ढांग-रोहडू सड़क

***2159** **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राष्ट्रीय उच्च मार्ग-72B-लाल ढांग-रोहडू सड़क के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यह कार्य किस ठेकेदार को दिया गया और इसका कितना कार्य हो गया है; ब्यौरा दें ?

----

## Electrification of Left Out Hamlets

***2160** **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state:-

(a) whether the Government has any proposal to provide electricity to left out hamlets/newly settled Abadis under Nalagarh Assembly Constituency; and

(b) if so, how many such hamlets will be electrified ?

----

## दूध की आपूर्ति

*2161 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश के बाहर से दूध की किन-किन कम्पनियों की सप्लाई आ रही है; ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 1-4-2014 से 15-2-2015 तक प्रदेश में दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दूध के कितने सैंपल भरे गए; और

(ग) इनमें कितने सैंपल फेल हुए व उन कम्पनियों/विक्रेताओं के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## तहसील बद्दी का उन्नयन

*2162 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार तहसील बद्दी को स्तरोन्नत कर उप-मण्डल बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## ऑटो रिक्शा/थ्री व्हीलर

*2163 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने ऑटो रिक्शा/थ्री व्हीलर को परमिट जारी किए गए हैं और कितने बिना परमिट के चल रहे हैं; और

(ख) सरकार ने इनको कब से परमिट देने पर प्रतिबन्ध लगा रखा है; ब्यौरा दें ?

----

## जलागम विकास परियोजना

***2164 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में जलागम विकास योजना के अन्तर्गत कौन-कौन से मुख्य कार्य चलाए जा रहे हैं तथा उनके लिए कुल कितनी धनराशि निर्धारित है तथा दिनांक 15-02-2015 तक कितनी धनराशि व्यय हुई है; ब्यौरा दें;

(ख) यह योजना प्रदेश के किन-किन विकास खण्डों में चल रही है तथा इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत फण्डिंग पैट्रन क्या है ?

----

## रिटेंशन नीति

***2165 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में रिटेंशन पॉलिसी सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक इसे लागू करने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें ?

----

## विद्युत बोर्ड लिमिटिड की आय

***2166 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2013-14 में हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटिड कितने घाटे या फायदे में था; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि चम्बा जिला में विद्युत मण्डल लगभग 80% कर्मचारियों के बिना चल रहा है; यदि हां, तो सरकार इस बारे क्या पग उठा रही है; और

(ग) सरकार चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में विद्युत सप्लाई की तारें जो पुरानी हो चुकी हैं; को बदलने के लिए क्या पग उठा रही है ?

----

## प्रशिक्षुओं को कौशल विकास भत्ता

***2167 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत हिमालयन महिला एवं जन कल्याण संस्थान के माध्यम से कितने सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षण संस्थान खुले हैं; ब्यौरा स्थान व नाम सहित दें;

(ख) इन संस्थानों में प्रशिक्षुओं को क्या कौशल विकास भत्ता दिया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो कौशल विकास भत्ता न देने का ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 25 मार्च, 2015.** **सचिव।**